प्रेस नोट

लखनऊ, 05 जनवरी 2020

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के साथ डिफेन्स एक्सपो-2020 की तैयारियों की समीक्षा की । समीक्षा बैठक के दौरान, वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि विदेशी कम्पनियों सहित 915 से अधिक प्रदर्शकों ने डिफेंस एक्स्पों-2020 के लिए पंजीकृत किया जो इससे पहले आयोजित रक्षा प्रदर्शनियों में से सबसे अधिक है। इससे पहले चेन्नई में आयोजित डिफेन्स एक्सपो-2018 में 702 प्रदर्शकों ने भाग लिया था ।

प्रदर्शकों द्वारा बुक की गई प्रदर्शनी का स्थान भी पिछले संस्करण में बुक किये गये जगह लगभग 26,774 वर्ग मीटर की तुलना में से 52% बढ़कर 42,000 वर्ग मीटर से अधिक हो गया है । इस डिफेन्स एक्सपो में 18 देशों का सरकारी प्रतिनिधिमंडल जो कि रक्षामंत्री और सेवा प्रमुख के स्तर के है की आने की पुष्टि की गई है, इसके और बढ़ने की संभावना है। एक्सपो के दौरान पर्याप्त संख्या में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किये जाने की उम्मीद है, जिसके परिणाम स्वरूप नए व्यापारिक सहयोग स्थापित होंगे ।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान एक टीजर फिल्म भी जारी की । डिफेन्स एक्सपो कार्यक्रम की जानकारी के लिए इस टीजर फिल्म को विभिन्न माध्यमों से प्रसारित किया जायेगा।

डिफेन्स एक्सपो-2020 उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 05-08 फरवरी 2020 के बीच आयोजित किया जाना है । एक्सपो का मुख्य विषय 'भारत : उभरता हुआ विनिर्माण हब' है । डिफेन्स एक्सपो-2020 के बारे में विस्तृत जानकारी www.defencexpo.gov.in पर उपलब्ध है ।

प्रदर्शनी का उप मुख्य विषय 'डिजिटल ट्रान्सफोर्मेशन ऑफ डिफेन्स' है जो भविष्य के युद्धक अवधारणाओं पर आधारित है। इस दौरान नई प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग के माध्यम से एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिये विनिर्माण पर भी ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। इस रक्षा प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शकों द्वारा उत्पादों एवं प्रोद्योगिकी की प्रदर्शनी के अतिरिक्त सेवाओं, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और उद्योग द्वारा सजीव प्रदर्शन किया जायेगा जो जल, थल, नभ एवं होमलैंड की आंतरिक सुरक्षा प्रणालियों पर आधारित होगा। सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से 'इन्डिया पवेलियन' एक विशेष आयोजन होगा जिसमें लघु, मध्यम और सुक्ष्म उद्यम और इन्नेवेशन इको-सिस्टम शामिल होगें।

डिफेंस एक्स्पों में यूपी पेवेलियन भी शामिल होगा जिसमें उद्योगों को बढ़ाने के लिए निवेशकों को अपार संभावनाएं होंगी। इस दौरान उत्तरी राज्यों के सांस्कृतिक धरोहरों को संजाये हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। इस डिफेंस एक्स्पों के दौरान आगंतुकों को टेंट सिटी का एक विशेष अनुभव प्राप्त होगा जो रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के अनुदेशों से निर्मित किया गया है।

सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में डिफेन्स कोरिडोर के लिये छः नोड चिन्हित किये गये है और इसके लिए डिफेन्स प्लानिंग कमेटी का भी गठन किया जा चुका है । इस परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रक्षा उत्पादों के लिये एक गलियारा के साथ-साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे निर्माण की योजना है जो

Scanned by CamScanner

भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्म निर्भर बनाने में मदद करेगा । डिफेन्स एक्सपो केवल निवेशकों के लिए बल्कि अत्याधुनिक तकनीकों को आकर्षित करने में एक उत्प्रेरक भूमि निभायेगा।

डिफेन्स एक्सपो-2020 में 70 से अधिक देशों के भाग लेने की उम्मीद है जो अंतरराष्ट्रीय र प्रदर्शनियों में अब तक सबसे बड़ा है । इस शो के कई आकर्षण होगें जो निम्नवत हैं:-

सेवाओ द्वारा सजीव प्रदर्शन, डिफेन्स पब्लिक सेक्टर एवं उद्योगों द्वारा थल, जल, नभ एवं ह लेंड आतंरिक सुरक्षा सिस्टम का प्रदर्शन दिखाया जायेगा । लाइव प्रदर्शन दो स्थानों पर आयोजि किया जायेगा जिसमें एक प्रदर्शनी स्थल पर और दूसरा गोमती रिवर फ्रंट पर आयोजित किया जायेगा गोमती नदी के किनारे प्रदर्शन के दौरान पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होगा ।

अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय उद्योग मंडलों द्वारा बिजनेस सेमिनार का आयोजन किया जायेगा जिन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एडं इंडस (एफआईसीसीआई), पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एडं इंडस्ट्री, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेश (एनएसडीसी), सिनरजिया, डाईरेक्टोरेट ऑफ स्टेंडर्डिजेशन (डीओएस)/, डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस प्रोडक्श (डीडीपी), यूएस-इंडिया बिजनेस काउन्सिल (यूएसआइबीसी), यूएस- इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोर (यूएसआईएसपीएफ), आदि शामिल है । सेमिनार के दौरान भविष्य की चुनौतियों सहित कृत्रि आसूचना, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन, वायर्ड वॉरियर मुख्य विषय शामिल होगें।

इस रक्षा प्रदर्शनी के लिये प्रोद्योगिकी का उपयोग करते हुए पहली बार 'डिफेंस एक्स्पो ऐप' 27 दिसंबर 2019 को रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा जारी किया गया है। यह एप्पल ऐप स्टो और एंड्राएड प्ले स्टोर पर उपलब्ध है । इस ऐप के माध्यम से रक्षा प्रदर्शन के दैनिक कार्यक्रमों क जानकारी के साथ-साथ रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अतिथियों, संगोष्ठी के वक्ताओं, प्रकाशन जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रॉसर एवं ई-बुक्स, मैप, शहर का दिशा निर्देशन और शहर के मौसम की जानका आदि सूचनाएँ उपलब्ध होगी।

इस समीक्षा बैठक में रक्षा सचिव डॉ अजय कुमार, विशेष सचिव (रक्षा उत्पादन), श्री बरू मित्रा, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री राजेन्द्र तिवारी और अन्य कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए ।

जीएम/डीपी/002/2020

Scanned by CamScanner